खनन विभाग को दो नवाचारों के लिए मिलेगा स्काच अवार्ड

राज्य ब्यूरो, जागरण • देहरादून: प्रदेश में विभिन्न विभागों में किए जा रहे नवाचार अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इस कड़ी में खनन विभाग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं माइनिंग डिजिटल ट्रांसफारमेशन एंड सर्विलांस सिस्टम और ई-रवन्ना सिक्योरिटी पेपर को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्काच पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। खनन विभाग को यह पुरस्कार 28 मार्च को नई दिल्ली में दिया जाएगा। प्रदेश में बीते कुछ वर्षों में खनन के क्षेत्र में लगातार सुधार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अब खनन राजस्व प्राप्त करने वालों विभागों में शामिल हो

रहा है। इस वित्तीय वर्ष में विभाग एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त कर चुका है। इसका मुख्य कारण अवैध खनन पर अंकुश लगाने के साथ ही पारदर्शी प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ाना है। विभाग ने माइनिंग डिजिटल ट्रांसफारमेशन लागू कर खनिज परिवहन की निगरानी, अनुपालन सुधार व वास्तविक समय डेटा विश्लेषण का कार्य शुरू किया है।